दिन–मंगलवार दिनांक– 29/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वास्थ्य क्षेत्र की बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के बुर्जुगों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना की भी हुई शुरुआत।

02. श्री मोदी ने पटना एम्स में ड्रोन स्वास्थ्य सेवा, किडनी प्रत्यारोपण इकाई समेत विभिन्न अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का किया लोकार्पण।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के डेढ़ लाख बाढ़ प्रभावित किसानों के बैंक खातों में कृषि इनपुट अनुदान योजना की राशि अंतरित की।

04. और, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस। बाजारों में खरीददारों की उमड़ रही है भीड़।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में लगभग बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का भी शुभारंभ किया। इससे हर वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

इस योजना के तहत सभी बुर्जुगों का पांच लाख तक मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलने पर कुछ बुजुर्ग लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

———वॉक्सपॉ———

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री ने पटना एम्स समेत देशभर के विभिन्न एम्स संस्थानों में कई स्वास्थ्य सुविधा और सेवा विस्तार का भी उद्घाटन किया। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पटना एम्स में ड्रोन स्वास्थ्य सेवा, किडनी प्रत्यारोपण इकाई, कैंसर मरीजों के लिए हेला मशीन की सुविधा और नवजात शिशुओं के लिए विशेष निकु वार्ड की व्यवस्था व्यवस्था का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पटना एम्स के निदेशक जी. के पाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आयुष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की ओर से बिहार के लोगों को आरोग्य की एक बड़ी सौगात मिली है।

———बाईट———

एम्स पटना के निदेशक जी. के. पाल ने बताया कि एम्स पटना देश में दूसरा ऐसा केंद्रीय अस्पताल है, जहां ड्रोन स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नव–नियुक्त लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

————————————————————————————————

देशभर में चालीस स्थानों पर इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया। पटना के पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ सत्रह युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे नई जिम्मेदारियां संभालन के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री

राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जीतन राम मांझी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित किसानों के बीच आज कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि का वितरण किया। पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से डेढ़ लाख किसानों के बैंक खातों में अनुदान की राशि अंतरित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पांडेय, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

राज्य की चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में तेरह नवम्बर को होने वाले उप चुनाव को लेकर प्रचार का कार्य तेज हो गया है। राजद, भाजपा, जदयू, हम, जनसुराज समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने आज अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल तक प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकते हैं। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जाएगी।

---

निर्वाचन आयोग ने आज राज्य के निर्वाचक सूची के प्रारुप का प्रकाशन कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच आर श्रीनिवास ने निर्वाचक सूची का प्रारुप प्रकाशन होने के बाद लोगों से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, उसमें संशोधन करवाने के लिए आगे आने की अपील की है। इसके लिए राज्य भर में विभिन्न मतदान केंद्रों पर दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष शिविर भी लगाये जायेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की यह प्रक्रिया अगले महीने की अट्ठाईस तारीख तक चलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि लोग ऑन लाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से इस प्रक्रिया में आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इस दौरान बीएलओ को भी केंद्र पर आवश्यक दस्तावेज दिये जा सकते हैं।

---

पटना में निर्माणाधीन मेट्रो रेल परियोजना की खुदाई के दौरान हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य मजदूर घायल हो गये हैं। पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक राजपथ के पास मेट्रो टनल की खुदाई के दौरान बोरिंग मशीन का ब्रेक फेल हो जाने से यह हादसा हुआ। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने दो मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। जिलाधिकारी ने मामले के जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यों की एक विशेष गठित की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

धनतेरस का पर्व आज पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोना–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। माना जाता है कि इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है। धनतेरस को लेकर राजधानी पटना सहित प्रदेश भर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————————————————

हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में नये सामानों की खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कैमूर जिले के विभिन्न बाजारों में भी रौनक देखने को मिल रही है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। हमारे अरवल संवाददाता ने बताया कि सोना–चांदी और आभूषण की दुकानों पर विशेष भीड़ लगी है। विशेष तौर पर लोग माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां खरीद रहे हैं। बक्सर के मुख्य बाजारों में आभूषणों और बर्त्तन की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ लगी है। दरभंगा जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न प्रखंडों में धनतेरस की खरीदारी के लिए लोगों का हुजुम उमड़ रहा है। खरीदारी का दौर देर

रात तक जारी रहेगा। इधर, भगवान धन्वंतरि जयंती को लेकर जिले में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शेखपुरा जिले में बाजारों में काफी चहल–पहल देखी जा रही है। बाजारों में सोने चांदी के जेवरात के अलावा बर्तन खरीदने के साथ–साथ बड़ी संख्या में लोग मिट्टी के दिए और पटाखे के साथ–साथ मिठाइयों की खरीदारी कर रहे हैं।

———————————————————————

राजगीर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न भागों में निकाली जा रही ट्रॉफी गौरव यात्रा आज सीतामढ़ी पहुंची। जिलाधिकारी रिची पांडेय और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी समेत अन्य अधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया।

———————————————————————

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बिहार दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित राजभवन में उनसे औपचारिक मुलाकात की। श्री कुमार ने उन्हें धनतेरस की बधाई दी।

———————————————————————

खगड़िया जिले के हरदयाल नगर के रहने वाले अंकुश कुमार ने यूपीएसी की सीडीएस परीक्षा में देशभर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। अंकुश की इस सफलता पर जिले भर में खुशी का माहौल है।

———————————————————————

सीतामढ़ी की जिलाधिकारी रिची पांडेय ने दीपावली, छठ और अन्य त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक की। जिलाधिकारी ने अवैध पटाखा भंडारण करने वाले और मिलावटी मिठाईयां बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

जमुई जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक चार पहिया वाहन से अवैध हथियार के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवड्डा गांव में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई कर कुख्यात अपराधी राजा को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े

गये अपराधी पर मुंगेर और भागलपुर में हत्या, लूटपाट, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज और बलथर में पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की दो बाइक के साथ मोटरसाईकिल गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वास्थ्य क्षेत्र की बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के बुर्जुगों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना की भी हुई शुरुआत।

02. श्री मोदी ने पटना एम्स में ड्रोन स्वास्थ्य सेवा, किडनी प्रत्यारोपण इकाई समेत विभिन्न अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का किया लोकार्पण।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के डेढ़ लाख बाढ़ प्रभावित किसानों के बैंक खातों में कृषि इनपुट अनुदान योजना की राशि अंतरित की।

04. और, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस। बाजारों में खरीददारों की उमड़ रही है भीड़।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त